<u>विधानसभा / महत्वपूर्ण</u>

# कार्यालय संचालक
## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email- dirfood.cg@gov.in, website-www.khadya.cg.nic.in)

क्रमांक 247 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 17 / 2 / 2026

प्रति,

1. **कलेक्टर,**
**जिला**–जांजगीर–चांपा,
छत्तीसगढ़

2. **प्रबंध संचालक,**
अपेक्स बैंक,
अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.

3. **प्रबंध संचालक,**
छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.
अटल नगर, नवा रायपुर

**विषय :–विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1196 तारांकित द्वारा श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

---00---

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1196 तारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 19.02.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 248 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 17 / 2 / 2026

**प्रतिलिपि :–**

खाद्य अधिकारी, जिला–जांजगीर–चांपा, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

## प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **27/02/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **09/03/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **जांजगीर-चाम्पा जिला अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में किसानों से समर्थन मूल्य में धान की खरीदी**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **1196** ) **श्रीराघवेन्द्र कुमार सिंह**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जांजगीर-चाम्पा जिले अंतर्गत समर्थन मूल्य पर कितनी मात्रा में धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया था? उसके विरूद्ध तय तिथि तक कितनी मात्रा में धान की खरीदी हुई? क्या विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष धान की खरीदी कम हुई है? यदि हां तो इसके क्या कारण है? (ख) इस वर्ष धान खरीदी हेतु कुल कितने किसान पंजीकृत थे? उनका कुल रकबा कितना था? कितने पंजीकृत किसानों ने धान बेचा एवं कितने शेष बच गए? (ग) धान विक्रय हेतु टोकन कटवाने के लिए कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए थे? प्राप्त आवेदनों में से कितने किसानों को टोकन जारी हुआ? कितने शेष हैं? जारी किए गए टोकनों में से कितने किसानों ने धान बेचा एवं कितने बच गए? कुल कितने किसानों ने कितनी मात्रा में रकबा समर्पण किया? जानकारी उपलब्ध करावें? (घ) क्या इस वर्ष जिले के धान खरीदी केन्द्रों में अनियमितता, अमानक बारदाना, सूखत के नाम पर ज्यादा मात्रा में धान तौलने एवं रकबा शून्य संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई? यदि हां तो प्रकरणों से संबंधित कृत कार्यवाही की जानकारी विधानसभावार उपलब्ध करावें?

**Sent From :** vidhan | **Sent Date :** 17/02/2026 02:08:49 |

**Remark :**

कले. जांजगीर

अपेक्षित